# बदलेगा केदारघाटी और जोशीमठ का नक्शा

**– राज्य अतिथि गृह और मल्टीलेवल पार्किंग परियोजनाओं को मिली रफ्तार, मुख्यमंत्री के निर्देश पर हुई उच्चस्तरीय समीक्षा**



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशों के क्रम में राज्य के पर्यटन और आधारभूत ढांचे को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में सचिव आवास एवं राज्य संपत्ति डॉ. आर. राजेश कुमार की अध्यक्षता में बुधवार को सचिवालय में दो अहम परियोजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठकों में रुद्रप्रयाग जनपद के रतूड़ा गांव में प्रस्तावित राज्य अतिथि गृह तथा चमोली जिले के जोशीमठ के रविग्राम में प्रस्तावित मल्टीलेवल पार्किंग परियोजना पर विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों को परियोजनाओं को समयबद्ध ढंग से आगे बढ़ाने और आवश्यक सुधारों के साथ संशोधित प्रस्ताव शीघ्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।

रतूड़ा में बनेगा आधुनिक पहाड़ी शैली का राज्य अतिथि गृहः बैठक में रुद्रप्रयाग जनपद के ग्राम रतूड़ा में प्रस्तावित राज्य अतिथि गृह की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) पर विचार-विमर्श किया गया। करीब 34.29 करोड़ रुपये लागत वाली इस परियोजना को मुख्यमंत्री घोषणा से जुड़ा महत्वपूर्ण कार्य बताया गया। प्रस्तुतीकरण के दौरान सचिव राज्य संपत्ति डॉ. राजेश कुमार ने कार्यदायी संस्था लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि भवन का डिजाइन पारंपरिक पहाड़ी वास्तुकला को ध्यान में रखते हुए तैयार किया जाए ताकि स्थानीय संस्कृति और आधुनिक सुविधाओं का बेहतर समन्वय दिखाई दे। उन्होंने कहा कि अतिथि गृह में 20 आधुनिक कक्षों के साथ दो वीवीआईपी सुइट और आवश्यक घरेलू सुविधाओं का समुचित प्रावधान सुनिश्चित किया जाए।

इसके अलावा परियोजना को अधिक उपयोगी और आकर्षक बनाने के लिए जिलाधिकारी रुद्रप्रयाग के साथ समन्वय स्थापित कर आवश्यक संशोधन किए जाएं। बैठक में विद्युत कार्यों की अलग डीपीआर तत्काल प्रस्तुत करने तथा सभी आवश्यक सुविधाओं को शामिल करते हुए संशोधित आगणन शीघ्र शासन को उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए।

केदारनाथ यात्रा क्षेत्र को मिलेगा नया लाभः रतूड़ा क्षेत्र में आधुनिक सुविधाओं से युक्त राज्य अतिथि गृह बनने से केदारनाथ यात्रा मार्ग और आसपास के पर्यटन क्षेत्रों में आने वाले विशिष्ट अतिथियों, अधिकारियों तथा पर्यटकों को बेहतर आवासीय सुविधाएं मिल सकेंगी। इससे स्थानीय स्तर पर रोजगार और आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलने की संभावना है। राज्य सरकार इस परियोजना को पर्यटन अवसंरचना के विस्तार की दृष्टि से महत्वपूर्ण मान रही है।

जोशीमठ में पार्किंग संकट दूर करने की तैयारीः दूसरी बैठक में चमोली जिले के जोशीमठ स्थित रविग्राम में प्रस्तावित मल्टीलेवल पार्किंग परियोजना की समीक्षा की गई। औली देश-विदेश के पर्यटकों का प्रमुख आकर्षण केंद्र है और वर्षभर बड़ी संख्या में पर्यटक यहां पहुंचते हैं। बढ़ती वाहनों की संख्या के कारण जोशीमठ और औली क्षेत्र में यातायात दबाव लगातार बढ़ रहा है। इसी समस्या के समाधान के लिए लगभग 5.69 करोड़ रुपये लागत से मल्टीलेवल पार्किंग निर्माण का प्रस्ताव तैयार किया गया है। बैठक में बताया गया कि परियोजना के तहत लोअर ग्राउंड स्तर पर 51 तथा ग्राउंड फ्लोर पर 46 वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था प्रस्तावित है। इस प्रकार कुल 97 कारों के लिए पार्किंग सुविधा विकसित की जाएगी। पार्किंग परिसर तक पहुंचने के लिए सात मीटर चौड़ा मार्ग प्रस्तावित किया गया है। चयनित भूमि राज्य सरकार के नियंत्रणाधीन है तथा उसे जिला विकास प्राधिकरण के पक्ष में हस्तांतरित करने की प्रक्रिया जारी है।

सुरक्षा और सुगमता पर विशेष जोरः परियोजना पर विस्तृत चर्चा के बाद सचिव आवास विभाग डॉ. राजेश कुमार ने पार्किंग परिसर तक पहुंचने वाले मार्ग को और अधिक सुविधाजनक बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने मार्ग की चौड़ाई एक से दो मीटर तक बढ़ाने और प्रवेश तथा निकास मार्गों को अलग-अलग करने के लिए बैरिकेडिंग की व्यवस्था विकसित करने को कहा। इससे यातायात संचालन अधिक व्यवस्थित और सुरक्षित हो सकेगा। साथ ही जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण को निर्देशित किया गया कि चयनित भूमि के हस्तांतरण की प्रक्रिया एक माह के भीतर पूरी कर शासन को अवगत कराया जाए।

## संक्षिप्त समाचार

### मौसम विभाग ने किया आगामी 48 घंटों के लिए हीट वेव (लू) का अलर्ट जारी



देहरादून। दून समेत अन्य जिलों में लगातार बढ़ रहे तापमान और भीषण गर्मी के मद्देनजर मौसम विभाग ने आगामी 48 घंटों के लिए हीट वेव (लू) का अलर्ट जारी किया है । विशेषज्ञों ने दोपहर 11 बजे से शाम 4 बजे तक अनावश्यक रूप से घरों से बाहर न निकलने की बात कही है। मौसम विभाग के अनुसार देहरादून, हरिद्वार, पौड़ी, उधम सिंह नगर, नैनीताल और उत्तरकाशी के मैदानी इलाकों में पारा 40 डिग्री और पर्वतीय क्षेत्रों में 30 डिग्री सेल्सियस के पार जा सकता है।वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. एस.के. झा ने विशेषकर बच्चों, बुजुर्गों और कामकाजी लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। दोपहर 11 बजे से शाम 4 बजे तक अनावश्यक रूप से घरों से बाहर न निकलें। जरूरी काम होने पर सिर को छाते या सूती कपड़े से ढककर ही बाहर जाएं।दिनभर पर्याप्त पानी, नींबू पानी, छाछ और मौसमी फलों का सेवन करें। चक्कर आने, सिरदर्द, तेज बुखार या उल्टी जैसे लक्षण दिखने पर तुरंत अस्पताल से संपर्क करें।

**आपातकाल के लिए जारी हुए हेल्पलाइन नंबर**

जिला प्रशासन ने आपातकालीन परिचालन केंद्र को सक्रिय कर दिया है। किसी भी सहायता या शिकायत के लिए नागरिक हेल्पलाइन नंबर 2726066, 2626066 या व्हाट्सएप नंबर 7534826066 पर संपर्क कर सकते हैं।

### बागेश्वर के जंगलों में आग ही आग

बागेश्वर। बागेश्वर जिले के जंगल इन दिनों आग की चपेट में हैं। गुरुवार को जिले के छह स्थानों पर जंगलों में भीषण आग भड़क गई। फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, जबकि कई स्थानों पर वन विभाग की टीम भी मुस्तैद रही। आग से उठ रहे धुएं और धुंध के कारण लोगों की परेशानी बढ़ गई है। फायर सीजन को देखते हुए पुलिस अधीक्षक जितेंद्र मेहरा ने जिले की सभी फायर यूनिटों को आपात स्थिति से निपटने और वनाग्नि की घटनाओं पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। फायर टीम बागेश्वर ने भूमियाधार और चंडिका रोड क्षेत्र में लगी आग को रिहायशी इलाकों तक पहुंचने से पहले नियंत्रित किया।

### सेलखोला गांव में दिन–दहाड़े धमका गुलदार

बागेश्वर। कत्यूर घाटी में गुलदार का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। गुरुवार को ग्राम पंचायत मटेना के सेलखोला गांव में दिनदहाड़े गुलदार दिखाई देने से ग्रामीणों में दहशत फैल गई। महिलाओं और ग्रामीणों ने बमुश्किल भागकर अपनी जान बचाई। सामाजिक कार्यकर्ता रेवाधर कांडपाल ने बताया कि गुलदार सेलखोला और जिनखोला गांव के बीच स्थित गधेरे के पास देखा गया। इसी रास्ते से ग्रामीण गांव आते–जाते हैं। उस समय महिलाएं खेतों से और ग्रामीण बाजार से लौट रहे थे। अचानक गुलदार दिखाई देने पर लोगों में अफरा–तफरी मच गई। ग्रामीणों का कहना है कि कुछ दिनों पहले भी गुलदार जिनखोला गांव में देखा गया था।

### एक साल पुराने अजय भटेजा हत्याकांड में सहारनपुर का सुपारी किलर जैकी गिरफ्तार

देहरादून। राजपुर थाना क्षेत्र के कृष्णा विहार, जाखन में पिछले साल हुए चर्चित कॉटेज कारोबारी अजय भटेजा (54 वर्ष) हत्याकांड की गुत्थी गुरुवार को सुलझ गई। दून पुलिस ने हत्याकांड में सहारनपुर के कुख्यात सुपारी किलर राजन उर्फ जैकी को मुजफ्फरनगर के खालापार से गिरफ्तार किया है। आईजी रेंज राजीव स्वरूप और एसएसपी प्रमेंद्र डोबाल ने खुलासा करने वाली टीम को इनाम देने की घोषणा की है। एसएसपी प्रमेंद्र डोबाल ने बताया कि पिछले साल 26 मई को जाखन स्थित आवास में अजय का शव मिला था। शव आधा बिस्तर और आधा जमीन पर लटका हुआ था। मौत से पहले अजय की नाक से खून बहा था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत की वजह साफ न होने पर आत्महत्या की तरफ मोड़ा गया। एसएसपी प्रमेंद्र डोबाल ने गुरुवार को खुलासा करते हुए बताया कि मृतक के सौतेले भाई अमित भटेजा ने हत्या कराई।

अमित अपने भाई की देहरादून और मसूरी स्थित बेशकीमती संपत्तियों पर कब्जा करना चाहता था। उसने इसके लिए शातिर अपराधी जैकी को लालच दिया कि हत्या के बाद वह जाखन वाली प्रापर्टी का आधा हिस्सा उसे दे देगा। साथ ही, सहारनपुर के एक पुराने गोलीकांड में पुलिस से बचाने में मदद करने का भी वादा किया।तब 25 मई को जैकी अपनी प्रेमिका हुमेरा उर्फ जोया के साथ देहरादून अजय के घर पहुंचा। साजिश के तहत अजय को जोया की मदद से खूब शराब पिलाई गई। जब वह नशे में पूरी तरह धुत हो गया तो जैकी ने तकिये से उसका मुंह दबाकर उसे मौत की नींद सुला दिया। शातिर शूटर ने शव को पंखे से लटकाने की कोशिश भी की।

फंदा तो बनाया। पर जल्दबाजी में लटकाने में नाकाम रहा। पुलिस हत्या को अंजाम देने के आरोपी जैकी उर्फ राजन उम्र 36 वर्ष पुत्र शिवलाल निवासी उमाही कलां थाना रामपुर मनिहारन जिला सहारनपुर को गिरफ्तार कर लिया गया। हत्या में शामिल उसकी प्रेमिका हुमेरा और सूत्रधार अमित भटेजा फरार है।

## एसआईआर में आवासीय सोसायटी और मुहल्लों में लगेंगे विशेष कैंप




देहरादून। मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ.बी.वी.आर. सी. पुरुषोत्तम की अध्यक्षता में गुरुवार को आगामी विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर ) के दृष्टिगत सचिवालय में सभी जनपदों के जिलाधिकारियों, ईआरओ, एईआरओ के साथ वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने सभी एसआईआर को लेकर जनपदों की तैयारियों और प्रशिक्षण को लेकर विस्तृत जानकारी ली। बैठक में मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश दिए कि जिन जनपदों में बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) की तैनाती शत प्रतिशत नहीं हुई है वहां जिलाधिकारी तत्काल राजनैतिक दलों से इस सम्बंध में बैठक कर बीएलए की तैनाती करवाएं। इसके अतरिक्त जहां बीएलए की तैनाती हो गई है वहां बीएलए का भी प्रशिक्षण सुनिश्चित किया जाए। मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. पुरुषोत्तम ने निर्देश दिए जिन जनपदों में बड़ी आवासीय सोसायटीज हैं वहां नोडल अफसर तैनात कर कैंम्प लगाने हेतु रोस्टर तैयार किए जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि बीएलओ हाउस टू हाउस विजिट के दौरान अनिवार्य रुप से ईसीआई का आईडी कार्ड पहनकर ही क्षेत्र में जाए। बैठक में प्रशिक्षण मॉड्यूल का भी विस्तृत प्रस्तुतीकरण किया गया। बैठक में मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने सभी जनपदों के गणना प्रपत्र के प्रिंटिंग, लॉजिस्टिक एवं डिस्टिव्यूशन प्लान का भी फीडबैक लिया।

इस दौरान अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. विजय कुमार जोगदंडे, संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रकाश चन्द्र दुम्का, उप मुख्य निर्वाचन अधिकारी किशन सिंह नेगी, सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी मस्तू दास सहित सभी जनपदों के जिलाधिकारी वर्चुअल रुप से जुड़े रहे।

### राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर श्रमदान और सफाई का संदेश दिया

उत्तरकाशी। जिला कांग्रेस कमेटी उत्तरकाशी ने गांधी वाचनालय में पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्व. राजीव गांधी की पुण्यतिथि श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई। कांग्रेस कार्यकर्ताओं और नेताओं ने राजीव गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हनुमान मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाकर श्रमदान किया और सफाई का संदेश दिया। कार्यक्रम का नेतृत्व जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह रावत ने किया। इस दौरान पूर्व दर्जाधारी घनानंद नौटियाल, शीशपाल पोखरियाल, पपेंद्र नेगी, दिनेश गौड़, विजेंद्र नौटियाल, कनकपाल सिंह परमार, कमल सिंह रावत, कविता जोगेला, एकादशी देवी, मधु रावत, मनीष, सुधीश पंवार आदि थे।
वहीं पुरोला में पालिकाध्यक्ष बिहारी लाल शाह ने कहा कि राजीव गांधी ने देश को आधुनिक तकनीक और दूरसंचार क्रांति की दिशा में आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर पालिकाध्यक्ष बिहारी लाल शाह, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष धीरेंद्र नेगी, अंकित चौहान, भूपाल गुसाईं मौजूद थे।

## अतिक्रमण हटाने पहुंची रेलवे टीम का घेराव



हरिद्वार। भारतीय रेलवे द्वारा टीबडी चौराहे और विवेक विहार कॉलोनी क्षेत्र में गुरुवार को चलाए गए अतिक्रमण हटाओ अभियान का स्थानीय लोगों ने विरोध किया। विरोध के चलते रेलवे अधिकारियों और कर्मचारियों को कार्रवाई बीच में रोकनी पड़ी। हालात तनावपूर्ण होने पर मौके पर पुलिस बल भी तैनात किया गया। लोगों को 10 दिन का समय देते हुए अभियान स्थगित कर दिया गया। गुरुवार को सुबह रेलवे अधिकारी और कर्मचारी जेसीबी मशीन के साथ टीबडी चौराहे के पास अतिक्रमण हटाने पहुंचे थे। कार्रवाई की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर एकत्र हो गए और विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। लोगों ने क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं को भी मौके पर बुला लिया। इस दौरान विवेक भूषण विक्की, अमन गर्ग, कैश खुराना, पारितोष त्यागी, विवेक जकारिया और हिमांशु बहुगुणा भी मौके पर पहुंच गए। विरोध बढ़ने पर रेलवे टीम को पहली बार जेसीबी लेकर वापस लौटना पड़ा। हालांकि दोपहर करीब दो बजे अधिकारी दोबारा मौके पर पहुंचे और अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू की, लेकिन स्थानीय लोगों ने फिर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया।

## निजी अस्पताल में ऑपरेशन में लापरवाही का आरोप, हंगामा



रुड़की। शहर के एक निजी अस्पताल में गर्भवती महिला के परिजनों ने ऑपरेशन में लापरवाही का आरोप लगाकर हंगामा किया। आरोप लगाया कि गलत उपचार और ऑपरेशन में अनियमितता के कारण महिला की हालत गंभीर बनी हुई है और वह जिंदगी–मौत के बीच जूझ रही है। बहादराबाद क्षेत्र के सलेमपुर निवासी राजकुमार अपनी 23 वर्षीय पत्नी मोनी को तबीयत खराब होने पर निजी अस्पताल लेकर पहुंचे थे। परिजनों का कहना है कि चिकित्सकों ने अल्ट्रासाउंड कराने के बाद गर्भ खराब होने की बात कही और तत्काल ऑपरेशन की सलाह दी। आरोप है कि 13 मई को ऑपरेशन कर दिया गया और तीन दिन बाद महिला को डिस्चार्ज कर घर भेज दिया गया।

### कुलदीप सिंह हत्याकांड के दोषी को आजीवन कारावास

रुद्रपुर। प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश आरके श्रीवास्तव की अदालत ने वर्ष 2022 के चर्चित कुलदीप सिंह हत्याकांड में दोषी बलजीत सिंह उर्फ सोनू को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी पर 10 हजार रूपये का अर्थदंड भी लगाया। एडीजीसी दीपक कुमार अरोड़ा ने बताया कि गांव फुलैया निवासी निर्मल सिंह ने मामले में दी तहरीर में कहा था कि सात मार्च 2022 को उनका बेटा कुलदीप सिंह खेत पर ट्रैक्टर ट्रॉली लेकर गन्ना भरने गया था। उसी दौरान गांव गोगी, नानकमत्ता निवासी हरविंदर सिंह खेत जोत रहा था, जबकि नत्थू लाल तलवार और बलजीत सिंह उर्फ सोनू तमंचा लेकर मौके पर मौजूद थे। आरोप है कि कुलदीप सिंह के खेत के पास पहुंचते ही तीनों ने उस पर हमला कर दिया। इसके बाद बलजीत सिंह ने तमंचे से फायर कर दिया। गोली लगने के बाद कुलदीप जान बचाकर भागने लगा, लेकिन आरोपियों ने उस पर लगातार फायर किए, जिससे उसकी मौत हो गई। अभियोजन पक्ष की ओर से अदालत में 13 गवाह पेश किए गए।

## हवालबाग क्षेत्र पंचायत की बैठक में हंगामा



अल्मोड़ा। हवालबाग क्षेत्र पंचायत की बैठक गुरुवार को ब्लॉक प्रमुख हिमानी कुंडू की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में बिजली, पानी, सड़क और ग्रामीण विकास से जुड़े मुद्दों पर जमकर चर्चा हुई। पूर्व बैठकों में उठाई गई समस्याओं के समाधान नहीं होने पर जनप्रतिनिधियों ने नाराजगी जताते हुए विभागीय अधिकारियों को घेरा। बैठक शुरू होने से पहले परियोजना निदेशक केएन तिवारी ने सदन को ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम–2026 की जानकारी दी। इसके अलावा भारत निर्वाचन आयोग की एसआईआर प्रक्रिया के संबंध में भी जानकारी देते हुए बीएलओ को सहयोग करने की अपील की गई, ताकि कोई पात्र व्यक्ति मतदाता सूची से वंचित न रहे। बैठक में सबसे अधिक मुद्दे पेयजल व्यवस्था को लेकर उठे। तलाड़बाड़ी, देवलीखान, गोलना करड़िया और स्यूरा और भनरगांव के प्रधानों ने गांवों में पानी की समस्या को प्रमुखता से रखा। देवलीखान की प्रधान ने कहा कि यदि जल्द जलापूर्ति व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो वह पद से इस्तीफा दे देंगी। कृषि विभाग की योजनाओं में ऑनलाइन माध्यम से कृषि टूलकिट वितरण प्रणाली पर प्रधानों ने आपत्ति जताई। खाद्य आपूर्ति विभाग से राशन कार्डों में नाम काटे जाने और नई यूनिट नहीं जुड़ने के मामलों को भी सदन में उठाया गया। विद्युत विभाग की कार्यप्रणाली पर भी जनप्रतिनिधियों ने नाराजगी जताई। ग्राम प्रधान अथरबनी ने ट्रांसफार्मर की सुरक्षा दीवार और घरों के ऊपर से गुजर रही बिजली लाइन हटाने की मांग दोहराई, लेकिन अधिशासी अभियंता ने शासनादेश का हवाला देते हुए समस्या के समाधान से इनकार कर दिया। ग्राम प्रधान स्यूरा प्रमोद जोशी ने धोतीगाढ़ मोटर मार्ग के डामरीकरण का मुद्दा उठाया।

## 18 जून को होगा एसएसजे विश्वविद्यालय का पहला दीक्षांत समारोह



अल्मोड़ा। सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय का पहला दीक्षांत समारोह 18 जून को आयोजित किया जाएगा। गुरुवार को विश्वविद्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में कुलपति प्रो. सतपाल सिंह बिष्ट ने समारोह की तिथि और तैयारियों से जुड़ी जानकारी साझा की। कुलपति प्रो. बिष्ट ने बताया कि महामहिम कुलाधिपति की स्वीकृति और निर्देशों के तहत विश्वविद्यालय का प्रथम दीक्षांत समारोह आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि समारोह में अल्मोड़ा की लोकसंस्कृति, कला, इतिहास, पुरातत्व, आध्यात्म और पर्यावरण की झलक देखने को मिलेगी, ताकि लोग अपनी सांस्कृतिक धरोहर से जुड़ाव महसूस कर सकें। उन्होंने कहा कि दीक्षांत समारोह से जुड़े सभी कार्यक्रमों में स्थानीय संस्कृति और परंपराओं को विशेष रूप से शामिल किया जाएगा। आयोजन की तैयारियों के लिए गठित समितियां अपने स्तर पर कार्य कर रही हैं और जल्द ही संबंधित अधिकारियों एवं सदस्यों की बैठक भी आयोजित की जाएगी। कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय केवल विद्यार्थियों, शिक्षकों और कर्मचारियों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह पूरे क्षेत्र के जनमानस से जुड़ा संस्थान है। विश्वविद्यालय को शोध, शिक्षा और अकादमिक गतिविधियों के क्षेत्र में उत्कृष्ट बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं। पत्रकार वार्ता के दौरान सोबन सिंह जीना परिसर स्थित मुख्य ऑडिटोरियम का नाम स्वामी विवेकानंद के नाम पर रखने की घोषणा भी की गई।

## डीएम की पहल से दिव्यांग संजीव का कर्ज माफ

देहरादून। आर्थिक तंगी और लाचारी के आगे घुटने टेक चुके एक दिव्यांग परिवार के लिए जिला प्रशासन संकटमोचक बना है। जिलाधिकारी सविन बंसल ने ईस्ट पटेल नगर निवासी दिव्यांग संजीव कुमार को भारी–भरकम कर्ज से मुक्ति दिलाई है। साथ ही उनके रोजगार और बेटियों की शिक्षा का प्रबंध भी किया। प्रशासन के अनुसार संजीव कुमार ने वर्ष 2018 में मोबाइल रिपेयरिंग की दुकान के लिए 50 हजार रुपये का लोन लिया था। शुरुआती किस्तें चुकाने के बाद वर्ष 2020 में कोरोना महामारी और लॉकडाउन के कारण उनका कारोबार ठप हो गया। वह बैंक को किस्तें नहीं दे पाए, जिसके चलते उत्तराखंड बहुउद्देशीय वित्त एवं विकास निगम ने 64,915 रुपये की आरसी काट दी। महज 3000 रुपये की मासिक पेंशन पर परिवार गुजारा कर रहा था। आरसी जारी होने के बाद पूरा परिवार मानसिक तनाव में था। संजीव की पत्नी भी 65% दिव्यांग हैं और उन पर तीन छोटी बेटियों की जिम्मेदारी है। मामले की गंभीरता और मानवीय पक्ष को देखते हुए जिलाधिकारी सविन बंसल ने सीएसआर फंड से संजीव की 64,915 रुपये की पूरी बकाया ऋण राशि जमा कराने के निर्देश दिए। डीएम के आदेश के बाद आरसी की कार्रवाई को निरस्त कराया।

## दून में 24 को होगी सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा

देहरादून। दून में 24 मई को आयोजित होने वाली सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा–2026 को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। परीक्षा जनपद के 32 परीक्षा केंद्रों पर दो पाली में होगी। परीक्षा में कुल 12,545 परीक्षार्थी शामिल होंगे।वहीं, परीक्षा केंद्रों पर जैमर, सीसीटीवी, फेस ऑथेंटिकेशन एप समेत अन्य तैयारियों को परखने के निर्देश दिए गए।

परीक्षा के शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं सफल संचालन को सुनिश्चित करने के लिए अपर जिलाधिकारी केके मिश्रा ने गुरुवार को सर्वे चौक स्थित आईआरडीटी ऑडिटोरियम में सभी जोनल मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट, नोडल अधिकारी पुलिस, केंद्र व्यवस्थापक एवं संबंधित अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। एडीएम ने कहा कि परीक्षा संचालन में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेटों को अपने–अपने परीक्षा केंद्रों का पूर्व में स्थलीय निरीक्षण करने तथा केंद्र व्यवस्थापकों के साथ समन्वय बनाए रखने के निर्देश दिए। एडीएम ने परीक्षा केंद्रों पर जैमर, सीसीटीवी कैमरे, फेस ऑथेंटिकेशन एप एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की सूक्ष्मता से जांच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### बिजली चोरी के मामले में फैक्ट्री मालिक को छह माह की सजा

रुद्रपुर। वर्ष 2020 में केलाखेड़ा क्षेत्र में बिजली चोरी के मामले में अदालत ने फैक्ट्री मालिक को दोषी ठहराते हुए छह माह के साधारण कारावास की सजा सुनाई है।

विशेष सत्र न्यायाधीश सिकंदर कुमार त्यागी की अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलों और साक्ष्यों के अवलोकन के बाद यह फैसला सुनाया। जानकारी के अनुसार, 30 सितंबर 2020 को ऊर्जा निगम की सतर्कता टीम ने ग्राम रामनगर स्थित मैसर्स गुरुनानक पल्प बोर्ड गत्ता फैक्ट्री में छापेमारी की थी। अवर अभियंता योगेश कुमार और उपखंड अधिकारी फरमान हैदर जैदी के नेतृत्व में हुई जांच में फैक्ट्री परिसर में अवैध रूप से बिजली उपयोग किए जाने का खुलासा हुआ था।

## 'विकसित भारत' का मार्ग 'हरित भारत' से होकर गुजरता है : भूपेंद्र यादव



देहरादून। केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने नई दिल्ली में भारतीय वन सेवा के मिड–करियर प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रतिभागियों से संवाद किया। भारतीय वन सेवा के ये अधिकारी इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय वन अकादमी, देहरादून में चल रहे एमसीटी (मिड–करियर प्रशिक्षण) में भाग ले रहे हैं। लाइन मिनिस्ट्रीज़ मॉड्यूल कार्यक्रम के अंतर्गत ये सभी अधिकारी पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के दौरे पर हैं। नई दिल्ली स्थित इन्दिरा पर्यावरण भवन में आयोजित इस कार्यक्रम में केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह और मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। अपने संबोधन में भूपेंद्र यादव ने कहा कि 'विकसित भारत' का मार्ग 'हरित भारत' से होकर गुजरता है और उन्होंने वैश्विक संरक्षण प्रयासों में भारत की बढ़ती नेतृत्वकारी भूमिका को रेखांकित किया।

# यात्रा मार्ग पर आवश्यक दवाओं की कमी न हो : डीएम

## प्रशासन की टीम ने औषधि विक्रय प्रतिष्ठानों का किया निरीक्षण

**जयन्त प्रतिनिधि। चमोली :** अपर आयुक्त महोदय खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन उत्तराखंड ताजबर सिंह जग्गी के निर्देश पर उप औषधि नियंत्रक खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन उत्तराखंड हेमंत नेगी द्वारा चारधाम यात्रा के दृष्टिगत गठित औषधि निरीक्षकों की संयुक्त टीम द्वारा बद्रीनाथ, गोविन्द घाट एवं जोशीमठ स्थित विभिन्न औषधि विक्रय प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी चमोली गौरव कुमार के सख्त निर्देश हैं की यात्रा मार्ग पर आवश्यक दवाओं की कमी नहीं होनी चाहिए, साथ ही दवाओं का दुरूपयोग नशे के लिए ना हो इस पर कड़ी निगरानी रखी जाये, ताकि यात्रा सुगम, सुरक्षित एवं व्यवस्थित रूप से संचालित होती रहे।

चारधाम यात्रा 2026 को सुगम, सुरक्षित एवं व्यवस्थित रूप से संचालित करने हेतु खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उत्तराखण्ड एवं जिला प्रशासन चमोली द्वारा विशेष सतर्कता बरती जा रही है। इसी क्रम में अपर आयुक्त / औषधि नियंत्रक उत्तराखण्ड ताजबर सिंह जग्गी एवं जिलाधिकारी गौरव कुमार के निर्देशों के अनुपालन में गुरूवार को एक संयुक्त निरीक्षण दल द्वारा औषधि विक्रय प्रतिष्ठानों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। टीम द्वारा सभी मेडिकल स्टोर्स पर औषधियों के क्रय-विक्रय अभिलेख, एक्सपायरी दवाओं के रख-रखाव, फार्मासिस्ट की उपस्थिति एवं कोल्ड चेन वाली दवाओं के भंडारण का गहन परीक्षण किया गया। नारकोटिक एवं साइकोट्रॉपिक दवाओं की बिक्री पर विशेष जांच की गयी, ताकि इन दवाओं का नशे के लिए दुरूपयोग होने से रोका जा सके। सभी दुकानदारों के एन.डी.पी.एस. एक्ट, 1985 तथा औषधि एवं सौंदर्य प्रसाधन अधिनियम 1940 के तहत रखे गए रजिस्टर, बिल बुक एवं स्टॉक की जांच की गई। बिना डॉक्टर के वैध प्रिस्क्रिशन के शेड्यूल्ड एवं नारकोटिक दवाओं की बिक्री नहीं करने के कड़े निर्देश दिए गए। नियमों का पालन न करने वाले प्रतिष्ठानों के खिलाफ नियमानुसार कड़ी कार्यवाही अमल में लायी जाएगी। सभी दवा व्यवसायियों को औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम, 1940 एवं नियमावली, 1945 के प्रावधानों के अंतर्गत ही दवा व्यवसाय संचालित करने हेतु सख्त दिशा-निर्देश निर्गत किए गए। औषधि निरीक्षक चमोली हार्दिक भट्ट ने कहा कि यात्रा मार्ग पर नशे के दुरुपयोग को रोकना विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। औषधि निरीक्षकों को नारकोटिक दवाओं की हर खरीद-बिक्री पर कड़ी नजर रखने के निर्देश विभाग एवं जिलाधिकारी की ओर से दिए गए हैं। नियमों का उल्लंघन करने वाले विक्रेताओं के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।



## कर्मचारियों के अटैचमेंट पर बीडीसी बैठक में हंगामा

नई टिहरी। थौलधार ब्लॉक की बीडीसी बैठक में गांवों में नियमित पेयजल आपूर्ति नहीं होने का मुद्दा प्रमुखता से छाया रहा। बाल विकास कार्यालय में तैनात तीन कनिष्ठ सहायकों को अन्यत्र अटैच करने पर सदस्यों ने कड़ा आक्रोश जताया। कहा तीन कनिष्ठ सहायकों का अन्यत्र अटैच होने से कार्यालय में कोई भी कामकाज नहीं हो पा रहा है। पूर्व सीएम बीसी खंडूडी के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। ब्लॉक प्रमुख सुरेंद्र भंडारी की अध्यक्षता में हुई बीडीसी बैठक में प्रधान सुमेरी बिष्ट ने धरवाल गांव में बंदरो और गोवंश से निजात दिलाने की मांग की।

उन्होंने कहा कि कृषि भूमि के चारों और घेरबाड़ लगाई जाए। सरस्वती रावत ने बाल विकास कार्यालय में तैनात तीन कनिष्ठ सहायकों को अन्यत्र अटैच करने पर नाराजगी जताइ। सीडीओ वरुणा अग्रवाल ने कनिष्ठ सहायक को तत्काल नियुक्त करने के निर्देश दिए। मंजखेत के प्रधान मनीषा राणा, पलियाण की प्रधान सुवदेई रावत ने बाल विकास विभाग की ओर से बच्चों को वितरित आहार की गुणवत्ता पर सवाल उठाए। कहा दुर्गंध वाले अंडे बांटे जा रहे हैं। जिस पर डीपीओ संजय गौरव गैर ने बताया कि आंगनबाड़ी हड़ताल पर थी। देर में वितरण से ऐसा हुआ होगा जिस पर सदस्यों ने कड़ा आक्रोश जताया। नायब तहसीलदार सुरेश भट्ट ने बताया कि 1140 काश्तकारों का फार्मर रजिस्ट्रेशन हो गए हैं।

### संक्षिप्त समाचार

## विकास कार्यों की हकीकत परखी, सीडीओ ने दिए गुणवत्ता सुधार के निर्देश

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : पाटीसैंण में मुख्य विकास अधिकारी अशोक जोशी ने विभिन्न विकास योजनाओं और निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी विकास कार्य गुणवत्ता और पारदर्शिता के साथ तय समय सीमा में पूरे किए जाएं। ब्लॉक मुख्यालय में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान सीडीओ ने अधिकारियों, अवर अभियंताओं और कर्मचारियों से योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता है। विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाटीसैंण बाजार स्थित पुराने सुलभ शौचालय की खराब स्थिति पर नाराजगी जताई। उन्होंने पुराने ढांचे को हटाकर आधुनिक सुविधाओं से लैस स्मार्ट शौचालय निर्माण के निर्देश दिए। साथ ही स्वच्छ पेयजल, बिजली और नियमित साफ-सफाई जैसी सुविधाएं सुनिश्चित करने को कहा, ताकि स्थानीय लोगों और यात्रियों को बेहतर सुविधा मिल सके। मुख्य विकास अधिकारी ने नयार नदी पर प्रस्तावित मोटर पुल की प्रगति की भी जानकारी ली। उन्होंने संबंधित विभागों को तकनीकी प्रक्रियाओं में तेजी लाकर कार्य आगे बढ़ाने के निर्देश दिए। इस दौरान व्यापारी महावीर असवाल, टैक्सी यूनियन अध्यक्ष नंदन सिंह रावत समेत कई लोग मौजूद रहे।

## जीबीपीआईईटी घुड़दौड़ी के छात्र प्रतिष्ठित कंपनियों में चयनित

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : गोविंद बल्लभ पंत अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (जीबीपीआईईटी) घुड़दौड़ी के छात्रों का विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों में चयन हुआ है। कंपनी की ओर से प्रशिक्षण अवधि के दौरान छात्रों को 20,000 प्रतिमाह स्टाइपेंड प्रदान किया जाएगा। उसके बाद योग्यता व प्रदर्शन के आधार पर आकर्षक वार्षिक पैकेज निर्धारित किया जाएगा। सिविल इंजीनियरिंग विभाग की छात्रा आकांक्षा, अभिषेक, स्मिता, सांजलि, रिया व नेहा का चयन वशिस्ट इंफ्रा इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड, दिल्ली में हुआ है। इसके अतिरिक्त इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग विभाग के दीपक कुमार, हर्ष गुप्ता, नेहा मेलकानी, ओम मेहरा, सचदेव राणा, अक्षिता नौटियाल, वेद पांडे का चयन नोकिया प्राइवेट लिमिटेड, गुरुग्राम में हुआ है। कंपनी की ओर से विद्यार्थियों को 3.20 लाख वार्षिक पैकेज दिया जाएगा। संस्थान के निदेशक प्रो. (डॉ.) वीके बंगा ने कहा कि छात्रों की यह सफलता उनकी मेहनत, संस्थान की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं प्रशिक्षण व्यवस्था का परिणाम है। संस्थान के डीन, प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट, डॉ. केएस भाटिया, डॉ. बीएस खाती एवं इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग विभागाध्यक्ष डॉ. एमके अग्रवाल, प्लेसमेंट समन्वयक डॉ. सरीष चंद्रवंशी, डॉ. पुष्कर प्रवीण ने छात्रों के चयन पर खुशी जताई है।

## 23 मई को खुलेगें हेमकुंड साहिब के कपाट, पहला जत्था श्रीनगर से रवाना

श्रीनगर गढ़वाल : सिख श्रद्धालुओं के पवित्र तीर्थ स्थल हेमकुंड साहिब के कपाट 23 मई को श्रद्धालुओं के लिए खोले जाएंगे। यात्रा के लिए ऋषिकेश से पंज प्यारों का पहला जत्था बुधवार रात श्रीनगर स्थित गुरुद्वारे पहुंचा, जहां श्रद्धालुओं ने उनका भव्य स्वागत किया। बृहस्पतिवार सुबह गुरुद्वारे में विशेष शबद कीर्तन और अरदास का आयोजन किया गया। इसके बाद पंज प्यारों की अगुवाई में पहला जत्था गोविंदघाट के लिए रवाना हुआ।

जत्थे में करीब 350 श्रद्धालु शामिल रहे। सबसे आगे पंज प्यारों का जत्था चल रहा था, जबकि पीछे श्रद्धालु जो बोले सो निहाल के जयकारों के साथ यात्रा पर निकले। श्रद्धालु बृहस्पतिवार को गोविंदघाट पहुंचने के बाद आगे हेमकुंड साहिब की पैदल यात्रा शुरू करेंगे। यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। श्रीनगर गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रबंधक हरविंदर सिंह लक्की ने बताया कि यात्रा के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

## मास्टर प्लान के तहत बना अस्पताल का काम अंतिम चरण में

चमोली। मास्टर प्लान के तहत बदरीनाथ धाम में नए अस्पताल का भवन बनकर तैयार हो गया है। भवन में अब कार्य अंतिम चरण में है। जून माह में अस्पताल को इसमें शिफ्ट करने की तैयारी चल रही है। बदरीनाथ धाम में यात्रियों के लिए मास्टर प्लान के तहत अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस अस्पताल का भवन तैयार किया जा रहा है। अस्पताल भवन का अधिकांश कार्य पूरा हो चुका है। इस नए अस्पताल में आधुनिक तकनीकी से लैस सुविधाएं होंगी। आपातकाल वार्ड होगा, ऑपरेशन थिएटर, मशीनें, सभी तरह की जांच की सुविधा उपलब्ध होगी। अस्पताल यहां शिफ्ट होने पर मरीजों को रेफर नहीं करना पड़ेगा।

## श्रीदेव सुमन विवि में अब ऑनलाइन होगी उत्तर पुस्तिकाओं की जांच

नई टिहरी। श्रीदेव सुमन विवि प्रशासन ने परीक्षा प्रणाली को पारदर्शी, व्यवस्थित और प्रभावी बनाने के लिए उत्तर पुस्तिकाओं की स्कैनिंग आधारित स्क्रीन मूल्यांकन कार्य की शुरुआत कर दी है। विवि से संबद्ध 236 राजकीय महाविद्यालयों और निजी कॉलेज के छात्र–छात्राओं की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन अब नई डिजिटल व्यवस्था के तहत किया जाएगा। विवि के कुलपति प्रो. एनके जोशी ने बताया कि नई व्यवस्था के तहत परीक्षाओं की उत्तर पुस्तिकाओं को स्कैन कर डिजिटल पर उपलब्ध कराया जाएगा।

# आग से कई हेक्टेयर जंगल जला, छाई धुंध

चमोली। कर्णप्रयाग–पोखरी मोटर मार्ग पर सेमी ग्वाड़ के जंगलों, सिमली, सिरोली, ऑली मज्याड़ी में आग सुबह से धधकती रही जिससे कई हेक्टेयर वन संपदा जल चुकी है। एक जगह आग बुझाई जा रही है तो दूसरी जगह लग जा रही है। वहीं आग के धुएं से वातावरण में धुंध छाई रही। धुएं के कारण लोगों को सांस लेने में दिक्कत और आंखों में जलन हो रही है। जंगल में आग लगने की घटनाएं बढ़ने से क्षेत्र का वायुमंडल दूषित हो गया है। चारों ओर काले बादल से छाए हैं जिससे वातावरण में उमस बढ़ गई है। वहीं बीते बुधवार को नारायणबगड़ के वन पंचायत भगोती तथा पश्चिमी पिंडर रेंज नारायणबगड़ के नलगांव बीट के जंगल में आग भड़क उठी।



वनक्षेत्राधिकारी अखिलेश भट्ट वनकर्मियों के साथ मौके पर आग बुझाने पहुंचे। भीषण आग को बुझाने में उन्हें घंटों मेहनत करनी पड़ी और आखिरकार देर रात उन्होंने आग पर काबू पा लिया। अधिकतर जंगलों में लगी आग बुझ गई है लेकिन पेड़ों के ठूंठ और जलकर गिरे पेड़ों से अभी तक धुआं उठ रहा है।

## स्वाड़ी ग्राम पंचायत भी शराबबंदी मुहिम में हुई शामिल

नई टिहरी। जाखणीधार ब्लॉक के ग्राम पंचायत स्वाड़ी में शादी और सार्वजनिक समारोह में शराब परोसने पर प्रतिबंध लगाया गया है। ग्राम पंचायत की सार्वजनिक बैठक में निर्णय लिया गया कि पंचायत के फैसले का उल्लंघन करने वाले पर 31 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया जाएगा। गांव के प्रधान राकेश कुमाई की अध्यक्षता में हुई बैठक में महिलाओं ने गांव में शराब का प्रचलन बढ़ने पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि गांव में विवाह समारोह की मेंहदी रस्म, मुंडन, जन्म दिन, शादी की सालगिरह और रिटायरमेंट आदि किसी भी सार्वजनिक कार्यक्रम में शराब पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगी। गांव की महिलाओं ने कहा कि शराब को बंद करने में ही समाज का हित है। प्रधान ने कहा कि ग्राम समाज को दूषित होने से बचाने के लिए गांव के सभी लोगों को ग्राम पंचायत के फैसले का सम्मान करना चाहिए। बैठक में तय किया गया कि पंचायत के फैसले का उल्लंघन करने पर संबंधित पर 31 हजार रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा।

# हेमकुंड साहिब के लिए गोविंदघाट से आज पहला जत्था होगा रवाना

चमोली। 22 मई शुक्रवार को गोविंदघाट से पहला जत्था पंच प्यारों की अगुवाई में आर्मी बैंड की धुन के साथ हेमकुंड साहिब के लिए रवाना होगा और रविवार को हेमकुंड साहिब के कपाट खोल दिए जाएंगे। गुरुद्वारा प्रबंधन की ओर से यात्रा की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। हेमकुंड साहिब के कपाट खोलने को लेकर गोविंदघाट और हेमकुंड साहिब गुरुद्वारे को फूलों से सजाया गया है। सेना के जवान पहले ही आस्था पथ से बर्फ हटाकर मार्ग सुचारु कर चुके हैं। बुधवार को ऋषिकेश से श्रद्धालुओं का पहला जत्था रवाना किया गया। पहले दिन जत्था श्रीनगर पहुंचा और बृहस्पतिवार को गोविंदघाट पहुंच गया। शुक्रवार सुबह अरदास के बाद जत्था हेमकुंड साहिब के लिए रवाना होगा। रात्रि विश्राम घांघरिया में करने के बाद जत्था 23 को सुबह हेमकुंड साहिब पहुंचेगा और हेमकुंड के कपाट खोल दिए जाएंगे। गुरुद्वारे के वरिष्ठ प्रबंधक सेवा सिंह ने बताया कि हेमकुंड साहिब की यात्रा को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। शुक्रवार को पंच प्यारों की



अगुवाई में पहला जत्था रवाना होगा। पहले दिन तीन हजार से अधिक श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद है। कुछ श्रद्धालु गोविंदघाट पहुंच चुके हैं। श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला लगातार बना हुआ है।

# जगदीशिला डोली के दर्शन करने पहुंचे पूर्व सीएम हरीश रावत

नई टिहरी। विश्वनाथ जगदीशिला डोली यात्रा के गजा और नई टिहरी पहुंचने पर स्थानीय लोगों ने स्वागत कर सुख–समृद्धि का आशीर्वाद लिया। नई टिहरी के बौराड़ी स्टेडियम में डोली पहुंचने पर श्रद्धालुओं ने फूल–मालाओं, ढोल–दमाऊं और जयकारों के साथ स्वागत किया। इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत भी डोली के दर्शन और आशीर्वाद लेने पहुंचे।पूर्व सीएम रावत ने कहा कि मैं जय सियाराम वाला हूं। गांवों को खुशहाल बनाना सरकारों की जिम्मेदारी है। कहा कि बंदर, सुअर और गुलदार की समस्या भी गांवों में लोगों के लिए बड़ी चुनौती बनी हुई है। यात्रा के संयोजक पूर्व मंत्री मंत्री प्रसाद नैथानी ने बताया कि लोक संस्कृति और तीर्थाटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पिछले 27 वर्षों से विश्वनाथ जगदीशिला डोली यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष यात्रा 28 अप्रैल को हरिद्वार से शुरू हुई थी। गढ़वाल और कुमाऊं मंडल के विभिन्न जिलों और गांवों का भ्रमण करते हुए यात्रा 24वें दिन नई टिहरी पहुंची। उन्होंने बताया कि 25 मई को गंगा दशहरा के अवसर पर भिलंगना ब्लॉक के विशोन पर्वत पर यात्रा का समापन होगा। इस मौके पर रामलीला समिति के अध्यक्ष देवेंद्र



नौडियाल, पूर्व विधायक भीम लाल आर्य, कमल सिंह मेहर, भगवान चंद रमोला, राकेश लांबा, जीतराम भट्ट, जयवीर मियां, शांति प्रसाद भट्ट, कांग्रेस जिलाध्यक्ष मुरारी लाल खंडवाल मौजूद रहे।

## गोपेश्वर पहुंचे केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन, आज रुद्रनाथ जाएंगे

चमोली। केंद्र सरकार के गृह सचिव गोविंद मोहन बृहस्पतिवार को विशेष विमान से गोपेश्वर पहुंचे। बताया जा रहा है कि शुक्रवार को वे चतुर्थ केदार रुद्रनाथ की तीर्थयात्रा पर जाएंगे। उनके साथ आईटीबीपी के एडीजी संजय गुंज्याल भी मौजूद हैं। बृहस्पतिवार को केंद्रीय गृह सचिव बीएसएफ (सीमा सुरक्षा बल) के एमआई–17 से अपराह्न 3 बजकर 40 मिनट पर गोपेश्वर खेल मैदान में पहुंचे। इसके बाद वे कार से लोनिवि के निरीक्षण भवन में पहुंचे जहां वह रात्रि प्रवास करेंगे। गृह सचिव शाम को गोपीनाथ मंदिर में होने वाली सायंकालीन आरती में भी प्रतिभाग करेंगे। बताया जा रहा है कि शुक्रवार और शनिवार को वे रुद्रनाथ की यात्रा पर रहेंगे और 24 को लौट जाएंगे। उनके कार्यक्रम को देखते हुए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। आईटीबीपी और पुलिस की ओर से सुरक्षा का जिम्मा संभाला गया है। जिलाधिकारी गौरव कुमार ने बताया कि गृह सचिव शुक्रवार को रुद्रनाथ जाएंगे।

# कागजों में आवंटित जमीन पर कब मिलेगा कब्जा

नई टिहरी। आंशिक बांध प्रभावित तिवाड़ गांव, मरोड़ा और तल्ला उप्पू के ग्रामीणों को डेढ़ बाद भी आवंटित भूखंड का कब्जा नहीं मिल पाया है जिससे ग्रामीणों में पुनर्वास निदेशालय के प्रति खासी नाराजगी बनी है। उन्होंने आवंटित भूखंड तक शीघ्र सड़क पहुंचाने और कब्जा देने की मांग की है। टिहरी बांध से आंशिक रूप से प्रभावित ग्रामीणों को अक्तूबर 2024 में गोरण और सिरांई में 163 परिवारों को कृषि भूखंड आवंटित किए गए थे। पुनर्वास निदेशालय ने आवंटित जमीन पर काश्तकार को कब्जा देने के साथ ही भूमि का सीमांकन कर सड़क भी पहुंचानी थी लेकिन जमीन आवंटन करने के एक डेढ़ साल बाद भी स्थिति जस की तस बनी हुई है।

गांव के पूर्व प्रधान व राज्य आंदोलनकारी नरेंद्र सिंह राणा ने बताया कि बांध प्रभावितों को अभी जमीन केवल कागजों में ही आवंटित की गई है। धरातल पर जमीन कहां पर है, कितनी है काश्तकार को इसका कुछ पता नहीं है। लापरवाही इस कदर है, कि अभी तक सड़क पहुंचाने का कार्य भी शुरू नहीं किया गया है। उन्होंने आवंटित जमीन के लिए सड़क बनाने, जमीन का सीमांकन कर कब्जा देने की मांग की है।

आंशिक बांध प्रभावित ग्रामीणों को गोरण और सिंराई में समतुल्य जमीन आवंटित की गई है। कुछ क्षेत्र में सीमांकन कर दिया गया है। भूस्वामियों को कब्जा देने की कार्यवाही शीघ्र ही शुरू की जा रही है।

**— राकेश थपलियाल, वरिष्ठ प्रबंधक पुनर्वास निदेशालय नई टिहरी**

# ताशकंद में चमकी उत्तरकाशी की बेटी

उत्तरकाशी। विकासखंड मोरी के बद्रासू गांव निवासी होनहार खिलाड़ी महक चौहान ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन करते हुए देश और प्रदेश का नाम रोशन किया है। उज्बेकिस्तान की राजधानी ताशकंद में आयोजित महिला रग्बी टूर्नामेंट में महक चौहान को प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट के खिताब से सम्मानित किया गया। भारतीय महिला रग्बी टीम की सदस्य महक ने पूरे टूर्नामेंट में बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए भारतीय टीम की ओर से सर्वाधिक नौ ट्राई स्कोर किए और टीम की सबसे सफल स्कोरर रहीं। उनकी तेज रफ्तार, दमदार फिटनेस, शानदार आक्रमण क्षमता और बेहतरीन खेल कौशल ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर सभी को प्रभावित किया। टूर्नामेंट में भारतीय महिला रग्बी टीम ने संघर्षपूर्ण और सराहनीय प्रदर्शन किया। हालांकि टीम पदक जीतने से चूक गई, लेकिन खिलाड़ियों ने अपने दमदार खेल से भविष्य के लिए मजबूत उम्मीदें जगाई हैं। यह प्रतियोगिता भारतीय महिला रग्बी टीम के लिए एक महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय अनुभव साबित हुई जो आने वाले समय में टीम को और अधिक मजबूत बनाने में सहायक होगी। महक की इस ऐतिहासिक उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है। उनकी सफलता युवा खिलाड़ियों, विशेषकर बेटियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनी है। क्षेत्रीय विधायक दुर्गेश्वर लाल, जिला पंचायत अध्यक्ष रमेश चौहान, किशन रावत, जगदीश रांगड़, राजपाल रावत एवं प्रहलाद पंवार आदि ने उनकी सफलता पर खुशी व्यक्त करते हुए उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

## मोबाइल उठाने के दौरान युवक खाई में गिरा, मौत

उत्तरकाशी। कुटेटी के समीप खाई में गिरने से एक युवक की मौत हो गई। हादसा उस वक्त हुआ जब घूमते समय युवक का फोन गिर गया था। वह फोन के लिए थोड़ा आगे बढ़ा और खाई में गिर गया। बुधवार शाम करीब छह बजे एक युवक दो दोस्तों के साथ कुटेटी–जसपुर सिल्याण रोड पर घूमने गया था। इसी दौरान उसका मोबाइल फोन हाथ से छूटकर सड़क से नीचे गिर गया। मोबाइल उठाने के लिए जैसे ही वह नीचे उतरा उसका पैर पिस्ल से फिसल गया और वह करीब 50 मीटर गहरी खाई में जा गिरा। हादसे के तुरंत बाद साथियों ने स्थानीय लोगों की मदद से युवक को बाहर निकालकर जिला चिकित्सालय पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।बताया गया कि विकास ट्रैकिंग दल के साथ कुकिंग का कार्य करता था। वहीं उसके साथ मौजूद दोनों दोस्त राहुल सिंह रावत पुत्र चतर सिंह रावत (33), निवासी ग्राम बौंगा, और त्रिलोक नाथ (28) पुत्र भुजबल सिंह नाथ, निवासी ग्राम डांग सुरक्षित हैं। दोनों ट्रैकिंग दलों के साथ गाइड का कार्य करते हैं।

# यमुनोत्री हाईवे पर जाम की समस्या से जूझ रहे यात्री

उत्तरकाशी। यमुनोत्री हाईवे पर पाली गाड़ से जानकीचट्टी के बीच सड़क कटिंग कार्य जारी रहने से मुसीबत बनी है। चौड़ीकरण कार्य के दौरान निकाला गया मलबा और पत्थर कई स्थानों पर सड़क किनारे पड़े हुए हैं जिससे मार्ग संकरा हो गया है। पीक यात्रा सीजन में वाहनों का दबाव बढ़ने से हाईवे पर यातायात प्रभावित हो रहा है। वाहनों की लंबी कतारें लगने से जाम की स्थिति बन रही है। प्रशासन के निर्देशों के बावजूद भी पाली गाड़ से जानकीचट्टी के बीच यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर ऑल वेदर रोड परियोजना के तहत सड़क कटिंग का कार्य जारी है। इससे यात्रियों और स्थानीय लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। निर्माणाधीन कंपनी की लापरवाही के चलते मार्ग पर पड़े पत्थर, मलबा और कटिंग कार्य के कारण जगह–जगह जाम की स्थिति बन रही है। भाजपा नेता एवं चारधाम होटल एसोसिएशन के प्रवक्ता संदीप राणा ने मामले पर नाराजगी जताई। कहा कि पाली गाड़ से जानकीचट्टी तक ऑल वेदर सड़क योजना के अंतर्गत चौड़ीकरण कार्य कर रही निर्माण कंपनी की मनमानी का



खामियाजा यमुनोत्री धाम पहुंचने वाले तीर्थ यात्रियों और स्थानीय लोगों को भुगतना पड़ रहा है। प्रशासन की ओर से यात्राकाल के दौरान सड़क कटिंग कार्य रोकने के साफ निर्देश दिए गए थे।इसके बावजूद भी कार्य जारी है। मलबा व पत्थर नहीं हटाए जाने से तीर्थयात्रियों को जगह–जगह जाम की समस्या से जूझना पड़ रहा है।

# वन्यजीव हमले में जान गंवाने वाले ग्रामीण के परिवार से मिले डीएम

अल्मोड़ा। सल्ट विकासखंड के दूरस्थ ग्राम बोरडा तोक स्थित तड़म गांव में मानव–वन्यजीव संघर्ष में ग्रामीण महिपाल सिंह की मौत के बाद गुरुवार को जिलाधिकारी अंशुल सिंह गांव पहुंचे और पीड़ित परिवार से मुलाकात कर संवेदना व्यक्त की। दुर्गम पैदल मार्ग से गांव पहुंचे जिलाधिकारी ने ग्रामीणों की समस्याएं भी सुनीं और संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने दिवंगत महिपाल सिंह के परिजनों से बातचीत कर उन्हें हरसंभव सहायता का भरोसा दिलाया। उन्होंने परिवार की आर्थिक और सामाजिक स्थिति को देखते हुए एक बेटी को अस्थायी रूप से तहसील कार्यालय सल्ट में डाटा एंट्री ऑपरेटर के रूप में तैनात करने तथा दूसरी बेटी को शिक्षक स्वयंसेवक के रूप में अस्थायी नियोजन देने के निर्देश अधिकारियों को दिए। गांव में आयोजित



संवाद के दौरान ग्रामीणों ने वन्यजीवों के बढ़ते खतरे, सड़क, पेयजल और अन्य मूलभूत सुविधाओं की समस्याएं जिलाधिकारी के सामने रखीं। इस पर जिलाधिकारी ने पूरे क्षेत्र में चेन लिंक फेंसिंग कराने के निर्देश दिए, ताकि ग्रामीणों को जंगली जानवरों के खतरे से सुरक्षा मिल सके। उन्होंने तड़म से भोनखाल तक मार्ग के सुधारीकरण और मार्ग पर सोलर लाइट लगाने के निर्देश भी दिए। साथ ही वन विभाग को क्षेत्र में नियमित गश्त बढ़ाने और गधेरे से गांव तक पेयजल लाइन बिछाने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कुमेंरिया से बोरड तक सड़क निर्माण कार्य में भी शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया। निरीक्षण के दौरान लोक निर्माण विभाग रानीखेत के अधिशासी अभियंता के अनुपस्थित रहने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताते हुए उनके खिलाफ स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिए। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी के पैदल गांव पहुंचकर समस्याएं सुनने और समाधान का भरोसा देने पर आभार जताया। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रशासन केवल राहत तक सीमित नहीं है, बल्कि पीड़ित परिवारों को सामाजिक और मानसिक संबल देना भी उसकी जिम्मेदारी है।

**जयन्त**

**संस्थापक : नरेन्द्र उनियाल**

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस बदरीनाथ मार्ग, कोटद्वार गढ़वाल (उत्तराखण्ड) से मुद्रित तथा बदरीनाथ मार्ग, कोटद्वार गढ़वाल (उत्तराखण्ड) से प्रकाशित।

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र कोटद्वार, (गढ़वाल) उत्तराखण्ड होगा।

CONT. 9412081969
PRGI NO. 35469/79

